-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ग्राम तिंदवारा में हुई बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या की घटना का किया गया सफल अनावरण। मृतक के साथ रहने वाली एक बालिग महिला व उसके मामा को किया गया गिरफ्तार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तिंदवारा में हुई बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम तिंदवारा में दिनांक 20/21.06.2026 की रात्रि को छत पर सोते समय एक बुजुर्ग व्यक्ति सच्चिदानंद को डंडे से पीटकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में मृतक के भाई चिन्तामणि की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। घटना के अनावरण हेतु पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों का वैज्ञानिक परीक्षण कराया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं अन्य साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर मृतक के साथ रहने वाली महिला के मामा रामविशाल तथा घटना की जानकारी होने के बावजूद पुलिस को गुमराह कर अभियुक्त मामा का सहयोग करने वाली महिला रोशनी को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों से पूछताछ, जांच एवं विवेचना के क्रम में पाया गया कि अजगढ़, पन्ना मध्य प्रदेश की रहने वाली महिला रोशनी जो कुछ माह से बुजुर्ग व्यक्ति के साथ रह रही थी। दिनांक 20./21.06.2026 की रात्रि में महिला के मामा रामविशाल द्वारा आपसी विवाद के चलते छत पर सोये बुजुर्ग व्यक्ति पर डंडे से प्रहार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। रोशनी द्वारा पूरी घटना देखने एवं अपने मामा को पहचानने के बाद भी उसे बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके का निरीक्षण करते हुए पूर्व में ही घटना में प्रयुक्त डंडे को बरामद कर लिया गया था। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

- 01 अदद् डंडा (आलाकत्ल)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रामविशाल पुत्र रामआसरे निवासी जमुनी पुरवा तिंदवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. रोशनी पुत्री महादेव निवासी चन्दौरा थाना अजयगढ़ जनपद पन्ना (म0प्र0)।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0स0 320/26 धारा 105/61(2)(क) थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. श्री बलराम सिंह प्र0नि0 थाना कोतवाली नगर
2. श्री प्रभुनाथ यादव निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली नगर
3. श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज
4. म0उ0नि0 सुश्री आकांक्षा सिंह
5. म0कां0 रंजना कुशवाहा
6. कां0 दिनेश कुमार शर्मा
7. कां0 विवेक कुमार यादव
8. रि0कां0 साकेत